# The Statement of Rights

Statement of Rights [अधिकार कथन] वृद्ध देखभाल सेवाओं की मांग या इन्हें प्राप्त करते समय आपके अधिकारों की स्पष्ट रूप से पहचान करता है। Aged Care Act 2024 [वृद्ध देखभाल अधिनियम 2024] के तहत आपके प्रदाता और वृद्ध देखभाल कर्मचारी इन अधिकारों के अनुरूप सेवाएं प्रदान करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं।

## स्वायत्तता और चयन की स्वाधीनता

मेरे पास अपने खुद के चयन करने का अधिकार है - अपनी देखभाल, रिश्तों, जीवन शैली और खतरे उठाने के बारे में – अपनी इच्छानुसार समर्थन के साथ।



## समरूप सुलभता

मेरे पास यह अधिकार है कि मेरी ज़रूरतों का आकलन ऐसे तरीके से किया जाए जो मेरे लिए उपयुक्त हो, जिसमें मेरी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, पिछले आघात या संज्ञानात्मक स्थितियों, जैसे डिमेंशिया, का सम्मान किया जाए।



## सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण देखभाल

मेरे पास अनुभवी वृद्ध देखभाल कर्मियों द्वारा गरिमामय और सम्मानजनक व्यवहार किए जाने का अधिकार है, जो मेरी पहचान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और विविधता को महत्व देते हैं।




## निजता और गोपनीयता

मेरी निजता का सम्मान किया जाना और मेरी व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखा जाना चाहिए, और मेरे पास इस बात पर नियंत्रण होना चाहिए कि यह जानकारी किसके साथ साझा की जाती है।



## संचार और शिकायतें

मेरे पास अपनी समझ में आने वाले तरीके से सूचित किए जाने और प्रतिशोध के भय के बिना चिंताएँ व्यक्त करने का अधिकार है। मेरे फीडबैक के साथ निष्पक्ष और तुरंत व्यवहार किया जाना आवश्यक है।



## समर्थन और सामाजिक संबंध

मैं महत्वपूर्ण लोगों, पालतू पशुओं और संस्कृति से जुड़ा रह सकता हूं, जिसमें स्वतंत्र पक्ष-समर्थक भी शामिल हैं। मैं एक एबोरिजनल या टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी के रूप में भूमि और द्वीप घर से जुड़ा रह सकता हूं।



निष्पक्ष, गोपनीय और स्वतंत्र सहायता के लिए Aged Care Advocacy Line [वृद्ध देखभाल पक्ष-समर्थन लाइन] को **1 800 700 600** पर कॉल करें।

OPAN | Older Persons Advocacy Network

# वास्तविक जीवन में अधिकार

## स्वायत्तता और चयन की स्वाधीनता

संजय* के वृद्ध देखभाल घर में पूरी तरह से धूम्रपान-मुक्त नीति है। कर्मचारियों को नजदीक में स्थित क्षेत्र में धूम्रपान करने की अनुमति है। संजय को लगा कि यह उनके लिए एक उपयुक्त विकल्प था। संजय के वृद्ध देखभाल प्रदाता ने शुरू में स्वास्थ्य जोखिमों और अपने देखभाल के कर्तव्य का हवाला देते हुए सहमति नहीं दी। संजय ने एक वृद्ध देखभाल पक्ष-समर्थक की सहायता से प्रदाता को अपने चयन के अधिकार का उपयोग करने की सफलतापूर्वक याद दिलाई, जिसमें यह भी शामिल है कि उस चयन में व्यक्तिगत जोखिम उठाना सम्मिलित है।

## सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण देखभाल

बानो* डिमेंशिया के साथ जीवन जीती हैं। जैसे-जैसे उनकी हालत बिगड़ती जाती है, वे अपनी पहली भाषा – हिंदी – पर वापिस आ जाती हैं। बानो की बेटी और प्रतिनिधि (नए अधिनियम के तहत रजिस्टर्ड समर्थक), अमीना* ने OPAN को कॉल किया क्योंकि उन्हें लग रहा था कि बानो की संचार करने में असमर्थता के कारण वे सामाजिक रूप से अलग-थलग और अंतर्मुखी हो गई थीं। पक्ष-समर्थक ने बानो और अमीना की सहमति से Dementia Australia की सहायता से बानो की देखभाल योजना की समीक्षा के लिए एक मुलाकात आयोजित की। इसके परिणामस्वरूप वृद्ध देखभाल गृह ने स्टाफिंग में और अधिक संगतता सुनिश्चित करने के लिए अपने रोस्टर में संशोधन किया। भाषा-संबंधी बाधाओं को दूर करने में सहायता के लिए हिंदी में संचार कार्ड उपलब्ध कराए गए। बानो को Aged Care Volunteer Visitors Scheme [वृद्ध देखभाल स्वयंसेवी आगंतुक योजना] के प्रति भी रेफर किया गया, ताकि किसी हिंदी-भाषी स्वयंसेवी के साथ नियमित रूप से सामाजिक मुलाकातें आयोजित की जा सकें।

## गोपनीयता और सूचना का सम्मान

जब रेखा ने पहली बार वृद्ध देखभाल घर में प्रवेश किया, तो उन्होंने देखा कि उनकी स्वास्थ्य देखभाल (जैसे टीकाकरण के लिए अनुमति) और उनके पैसों (जैसे मासिक विवरणों) के बारे में सवालों को उनके परिवार के पास भेजा जा रहा था। उन्होंने प्रबंधन को अपने इस अधिकार की याद दिलाई कि वे अपने आर्थिक मामलों के बारे में खुद निर्णय ले सकती हैं, उनकी व्यक्तिगत जानकारी को संरक्षित रखा जाना चाहिए और उन्हें प्राप्त होने वाली वृद्ध देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए, जिसमें उन सेवाओं के शुल्कों के बारे में जानकारी भी शामिल है। प्रदाता ने रेखा के सभी पत्राचार को सीधे रेखा के पास भेजे जाने के लिए सहमति दी।

## समर्थन और सामाजिक संबंध

पूजा कॉफी के लिए नियमित रूप से मिलने वाले एक घनिष्ठ सामाजिक समूह से जुड़ी हुई हैं। जब पूजा ने आवासीय वृद्ध देखभाल में प्रवेश किया, तो उनकी सहेलियां अपनी साप्ताहिक मुलाकात के लिए आवास के कोर्टयार्ड या सामूहिक क्षेत्र में एकत्र हुईं। पूजा की बेटी आरती को महसूस हुआ कि इन मुलाकातों से उनकी मां को बहुत थकावट होती थी और उन्होंने प्रबंधक से इन्हें रोकने के लिए कहा। सहेलियों ने सहायता के लिए OPAN से संपर्क किया। जब सहेलियों ने पूजा से सहमति ले ली, तो एक पक्ष-समर्थक पूजा से मिलने के लिए वृद्ध देखभाल घर में आए। उन्हें अपनी सहेलियों की याद आती थी, जो उनके लिए खुशी, हंसी और केक लेकर आती थीं। पक्ष-समर्थक ने मुलाकातों को फिर से शुरू करने में पूजा को समर्थन दिया।

**गोपनीयता कारणों की वजह से नाम बदल दिए गए हैं*

Statement of Rights पढ़ने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

OPAN | Older Persons Advocacy Network